प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
निजी क्षेत्र/पी0पी0पी0 मोड के अंतर्गत संचालित संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप/परिषद/2023/5674 **लखनऊःदिनांक–** 22-11-2023

विषयः–छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति–2023 के अंतर्गत नये संस्थानों को छात्रवृत्ति मास्टर डाटा में सम्मिलित होने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के पत्र संख्या प्राशिप/परिषद/2023/5461 दिनांक 04–11–2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति–2023 हेतु समाज कल्याण के वेबपोर्टल पर त्रुटिरहित आवेदन करते हुए आवेदन पत्र परिषद कार्यालय में दिनांक 10–11–2023 तक जमा कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त के अनुक्रम में अवगत कराना है कि छात्रवृत्ति मास्टर डेटा में सम्मिलित किये जाने हेतु परिषद से सम्बद्ध संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों में से अर्ह पाये गये आवेदनों को अग्रसारित कर दिया गया है तथा शेष त्रुटिपूर्ण आवेदनों को निरस्त कर दिया गया है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने जनपद स्थित जिला समाज कल्याण विभाग से संपर्क कर अग्रेतर कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसी संस्थाओं जिनके त्रुटिपूर्ण आवेदन निरस्त कर दिये गये हैं, को निर्देशित किया जाता है कि परिषद द्वारा निर्गत सम्बद्धता पत्र के विवरणानुसार मास्टर डेटा में सम्मिलित होने हेतु पुनः अविलम्ब ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें। यदि आप द्वारा छात्रवृत्ति मास्टर डाटा में सम्मिलित किये जाने हेतु स–समय त्रुटिरहित ऑनलाइन आवेदन नहीं किया जाता है तो इसका पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था प्रबंधन का होगा।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप/परिषद/2023/5675-76 **तददिनांक–** 22-11-2023

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

E:\SCHOLORSHIP 23-24.docx